जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

क्रमांकःजीवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2025/2335 **दिनांक : 17.01.2025**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त शासकीय/अशासकीय/अनुदानित महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)

महोदय/महोदया,

समस्त प्राचार्य अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन-पत्र भरते समय निम्नलिखित दिशा/निर्देशों से छात्र/छात्राओं को आवश्यक रूप से अवगत करायें:-

1. सभी छात्र/छात्रायें अपना परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय सही ABC ID का उपयोग करें। अगर गलत ABC ID अपडेट करते हैं तो उनका आवेदन पत्र भरा नहीं जायेगा जिसके लिये छात्र स्वंय जिम्मेदार होंगे।
2. सभी छात्र/छात्राओं के द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र में सम्पूर्ण पता पिनकोड एवं मोबाइल नम्बर के साथ भरा जाये। क्योंकि आवेदन पत्र में भरे हुये पते पर ही विश्वविद्यालय द्वारा उपाधि भेजी जायेगी। पूर्ण एवं पता सही नहीं होने की स्थिति में सम्बंधित छात्र/छात्रा की उपाधि नहीं भेजी जायेगी। जिसके लिये छात्र/छात्रायें स्वंय जिम्मेदार होंगे।
3. सभी छात्र/छात्रायें परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय परीक्षा का माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी (मीडियम) का चयन अवश्य करें।
4. सभी छात्र/छात्रायें परीक्षा आवेदन पत्र भरते समय अपने विषयों एवं समूह का सावधानीपूर्वक सही ढंग से चयन करके ही परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया को पूर्ण करें। त्रुटि होने पर छात्र/छात्रा स्वंय जिम्मेदार होंगे।
5. परीक्षा फार्म भरते समय छात्र/छात्रायें अपना नामांकन सही रूप से भरे अन्यथा की स्थिति में वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।
6. त्रुटिपूर्ण अथवा अध्यादेश के अनुसार अपात्र छात्र/छात्रा का परीक्षा फार्म अग्रेषित करने वाले महाविद्यालयीन स्टाफ, शिक्षक, प्राचार्य एवं निजी महाविद्यालय की स्थिति में संचालक स्वंय उत्तरदायी होंगे एवं उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

अतः समस्त प्राचार्य उक्त निर्देशों को अपने महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करायें एवं छात्र/छात्राओं के परीक्षा आवेदन-पत्र अग्रेषित करते समय सही ABC ID को आवश्यक रूप से चैक करें। ABC ID सही नही होने की स्थिति में छात्र/छात्राओं का परीक्षा परिणाम संबंधी डाटा DG लॉकर में अपलोड नहीं किया जा सकेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बंधित महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।

कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

2. कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।

परीक्षा नियंत्रक